# मॉडल - (02)

## विषय - व्यवसाय अध्ययन, कक्षा– 12वी

## विषय कोड : 319

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक: 100**

---

**निर्देश–**

1. **सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।**
2. **प्रश्न कमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड है। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति तथा खण्ड (स) सत्य/असत्य प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक आबंटित है।**
3. **प्रश्न कमांक 2 से 13 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।**
4. **प्रश्न कमांक 14 से 19 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।**
5. **प्रश्न कमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्नप है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। व विकल्प है।**
6. **प्रश्न कमाकं 24 एवं 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है व विकल्प है।**
7. **प्रश्न कमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है व विकल्प है।**

**प्रश्न कमांक 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

(i) वाई लिमिटेड में अंकेक्षक ने कर्मचारियों के किसी समूह द्वारा रोकड़ के दुरूपयोग की पहचान की –

(अ) प्राकृतिक कारण (ब) राजनैतिक कारण

(स) भौतिक कारण (द) आर्थिक कारण

(ii) वैज्ञानिक प्रबंध की विधियों में से कौन सी विधि श्रमिकों की बहुदेयता को प्रकट करती है –

(अ) प्रमाणीकरण (ब) क्रियात्मक फोरमैनशिप

(स) विभेदात्मक मजदूरी पद्धति (द) मानसिक क्रांति

(iii) निम्नलिखित में कौन सा भर्ती का आंतरिक स्त्रोत है –

(अ) मीडिया द्वारा विज्ञापन (ब) पदोन्नति

(स) कैम्पस साक्षात्मकार

(द) संदर्भ

(iv) सेवा उद्यम जिसमें 3 करोड़ निवेशित हैं, को कहते हैं –

(अ) सूक्ष्म उद्योग

(ब) लघु उद्यम

(स) नन्हीं इकाइयां

(द) इनमें से कोई नही

(v) एक कंपनी एक पुरानी मशीन के बदले नई मशीन क्रय करने पर विचार कर रही है। इसमें निम्न में से कौन सा निर्णय संलिप्त है –

(अ) विनियोग निर्णय (ब) वित्तीय निर्णय

(स) लाभांश निर्णय (द) उपर्युक्त सभी

## खण्ड (ब)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(i) संयुक्त पूंजी कंपनी, कंपनी अधिनियम सन् ........................द्वारा शासित होती है।

(ii) ........................... में व्यक्ति अपने द्वारा स्वयं के लिए कार्य करके जीविका कमाता है।

(iii) वह प्रक्रिया जिसके द्वारा प्रबंधक सभी विभागों की क्रियाओं को संचालित करता है वह है ........................... ।

(iv) योजना प्रबंधन का ................................ कार्य है।

(v) ............................ एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक व्यक्ति सूचना अथवा संदेश दूसरे व्यक्ति को भेजता है।

## खण्ड (स)

**सत्य/असत्य बताइये –**

(i) प्रबंध सार्वभौमिक होता है।

(ii) नियुक्तिकरण संगठन में केवल आवश्यक व्यक्तियों की संख्या निर्धारित करता है।

(iii) अंशधारी कंपनी के स्वामी होते हैं।

(iv) समन्वय प्रबंध का सार है।

(v) स्वरोजगार के लिए पूंजी आवश्यक नहीं होती है।

## खण्ड (द)

**एक शब्द/वाक्य मे उत्तर दीजिए।**

(i) भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना किस सन् में की गई ?

(ii) उत्पाद, मूल्य स्थान व प्रवर्तन प्रयासों के मिश्रण को क्या कहा जाता है ?

(iii) विज्ञापन का एक उद्देश्य लिखिए।

(iv) बाह्य व्यापार के प्रकारों के नाम लिखिए।

(v) उपभोक्ता ज्ञान का अर्थ लिखिए।

निर्देश – प्रश्न कमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।

प्रश्न 2 आर्थिक किया से क्या आशय है ?

प्रश्न 3. पेशा किसे कहते हैं ?

प्रश्न 4 सार्वजनिक कंपनी के दो उदाहरण लिखिए।

प्रश्न 5 सरकारी कंपनी किसे कहते हैं।

प्रश्न 6 स्वरोजगार का अर्थ लिखिए।

प्रश्न 7 प्रबंध के विभिन्न स्तरों की सूची दीजिए।

प्रश्न 8 निर्देशन के विभिन्न घटकों के नाम लिखिए।

प्रश्न 9 ऋणपत्र किसे कहते हैं ?

प्रश्न 10 किन्हीं दो विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं के नाम बताइये।

प्रश्न 11 स्थायी पूंजी किसे कहते हैं ?

प्रश्न 12 वित्तीय प्रबंध किसे कहते हैं ?

प्रश्न 13 विभागीय भण्डार क्या है ?

निर्देश – प्रश्न कमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।

प्रश्न 14 आर्थिक व अनार्थिक कियाओं में तीन अंतर लिखिए।

प्रश्न 15 निजी कंपनी और सार्वजनिक कंपनी में तीन अंतर लिखिए।

प्रश्न 16 नियोजन की तीन विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 17 प्रशिक्षण का महत्व तीन बिंदुओं में लिखिए।

प्रश्न 18 निर्देशन के महत्व को तीन बिंदुओं में लिखिए।

प्रश्न 19 विज्ञापन के तीन माध्यमों को समझाइये।

निर्देश – प्रश्न कमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिए गए हैं।

प्रश्न 20 मूल्य निर्धारण करते समय किन–किन कारकों को ध्यान में रखा जाता है ? कोई चार कारकों का वर्णन कीजिए।

अथवा

विज्ञापन के चार दोष समझाइये।

प्रश्न 21 ऋणपत्रों के चार लाभ समझाइये।

अथवा

म्यूचूअल फण्ड की चार विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 22 किसी व्यावसायिक उपकम में स्थायी पूंजी की मात्रा निर्धारित करने वाले चार घटकों को समझाइये।

अथवा

पूंजी संरचना को निर्धारित करने वाले चार कारकों को समझाइये।

प्रश्न 23 प्रबंध एक पेशा है। समझाइये।

अथवा

प्रबंध के चार मुख्य कार्यों को समझाइये।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 24 व 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। सभी में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 24 एक आदर्श नियोजन के आवश्यक तत्वों को समझाइये।

अथवा

औपचारिक संगठन तथा अनौपचारिक संगठन को समझाइये।

प्रश्न 25 एक आदर्श विक्रयकर्ता के पांच गुण समझाइये।

अथवा

विज्ञापन के पांच उद्देश्य समझाइये।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 26 उपभोक्ता के दायित्वों को समझाइये।

अथवा

उपभोक्ता के अधिकारों को समझाइये।

प्रश्न 27 विपणन की आधुनिक अवधारणा को समझाइये।

अथवा

विपणन के उद्देश्य समझाइये।